(2) Chakma and Tibetan refugees were settled in Arunachal Pradesh under schemes of rehabilitation. The question of their removal from Arunachal Pradesh does not arise.

(3) With a view to encouraging local tribal entrepreneurs to take to trades, the Government of Arunachal Pradesh have been circumspect about grant of trading licences.

**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के हत्या किये गये व्यक्तियों की संख्या**

542. **श्री राम विलास पासवान** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में जनवरी, 1980 से 15 अगस्त, 1982 तक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलग अलग कुल कितने व्यक्तियों की हत्या की गई तथा ऐसी हत्याओं की संख्या, तारीख तथा स्थान संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लस्कर)** : राज्य सरकारों।संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों द्वारा भेजी गयी सूचना के अनुसार पहली जनवरी, 1980 से 15 अगस्त, 1982 के बीच अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की हत्या के मामलों की कुल संख्या क्रमश: 1262 तथा 229 थी । भारत सरकार इन मामलों की प्रत्येक बात के संबंध में ब्यौरे नहीं रखती है ।

**बिहार प्रेस विधयक के विरूद्ध प्रदर्शन**

543. **श्री त्रिलोक चंद्र :**

**श्रीमती प्रमिला दंडवते :**

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार प्रेस विधेयक का हर स्थान पर विरोध किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त विधेयक के विरुद्ध देश में अब तक कितने प्रदर्शन हुए हैं ; और

(ग) इन प्रदर्शनों के दौरान कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनको कहां-कहां पर गिरफ्तार किया गया ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वेंकटसुब्बय्या)** : (क) से (ग). अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**Purchase of Sub-Standard Paints**

544. SHRI D. L. BAITHA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government departments purchase paints in heavy quantity through tenders and lowest tenders are accepted on the basis of lowest quotations;

(b) if so, the total quantity purchased by various departments of Government in the year 1981-82, the rate and source of supply with full particulars;

(c) whether the paints supplied were not of standard quality due to which heavy corrosion took place and the nation had to sustain an estimated loss of Rs. 650 crores; and

(d) whether Government are aware of the fact that the National Committee on Science and Technology had estimated as early as 1973 the loss due to corrosion in the country at Rs. 400 crores; and

(e) if so, what steps have been taken or are proposed to be taken to ensure the supply of standard quality of paints and stop heavy corrosion thereby resulting in national loss?

THE MINISTER OF INDUSTRY AND STEEL AND MINES (SHRI NARAYAN DATT TIWARI): (a) to (e). Information is being collected from various Departments and will be laid on the Table of the House.